**बिहार सरकार**
**गृह विभाग**
**(विशेष शाखा)**

## प्रेस विज्ञप्ति

**राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, देहरादून के जुलाई, 2026 सत्र में आठवीं कक्षा में प्रवेश हेतु योग्यता प्रदायी लिखित परीक्षा 07 दिसम्बर, 2025 को आयोजन संबंधी सूचना।**

**राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, देहरादून के जुलाई, 2026 सत्र** में आठवीं कक्षा में प्रवेश हेतु बिहार राज्य के केवल वैसे सभी इच्छुक छात्र/छात्राओं से, जो निम्नलिखित अर्हतायें पूरी करते हों तथा जो या तो बिहार राज्य के निवासी हैं या जिनके माता–पिता/अभिभावक सामान्यतः बिहार राज्य में रहते हैं, आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. **परीक्षा में शामिल होने हेतु अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अर्हतायें होनी चाहिए–**
   i. **शैक्षिक योग्यता**–आवेदक दिनांक–01 जुलाई, 2026 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
   ii. **आयु सीमा**–आवेदक की आयु सीमा 01 जुलाई, 2026 को $11\frac{1}{2}$ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात **आवेदक का जन्म 02 जुलाई, 2013 से पहले और 01 जनवरी, 2015** के बाद नहीं होना चाहिए।
2. **आवेदक को अपने आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख जमा करना होगा :–**
   (a) **आवेदन पत्र**–पूर्ण रुपेण भरे हुए विहित आवेदन पत्र (दो प्रतियों में)।
   (b) **फोटो**–दो फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज) आवेदन पत्र पर चिपकाये (अतिरिक्त फोटोग्राफ स्टेपल ना करें)।
   (c) **आयु प्रमाण पत्र**–नगर पालिका/नगर निगम/ग्राम पंचायत आदि सक्षम संस्थाओं से प्राप्त जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।
   (d) **योग्यता प्रमाण पत्र**–जिस विद्यालय में छात्र अध्ययनरत हों, वहाँ के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत का मूल रूप में फोटो सत्यापित किया हुआ योग्यता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर संलग्न करें।
   (e) मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
   (f) अनु॰ जाति/अनु॰ जनजाति के आवेदक जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।
   (g) आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी का आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य है, और जमा न कर पाने पर अभ्यर्थी का आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा।
   (g) **लिफाफा**–स्वपता लिखा एवं 45/–(पैंतालीस रुपये) का डाक–टिकट चिपकाया हुआ एक लिफाफा अवश्य संलग्न करें अन्यथा प्रवेश–पत्र अभ्यर्थी को नही भेजा जाएगा।

**नोटः–** i. रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–A/36105/GS/MT-6/D(GS-II), दिनांक–03.09.2014 के अनुसार, वे अभ्यर्थी, जिनके अभिभावक केन्द्र सरकार अन्तर्गत कार्यरत हैं, उन्हें उसी राज्य में आवेदन समर्पित करना होगा, जहाँ से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, किन्तु उनका चयन उनके अधिवासी (Domicile) राज्य के कोटे के विरूद्ध होगा।

ii. यदि अभ्यर्थी गृह विभाग, बिहार को आवेदन समर्पित करते हैं, तो उनकी परीक्षा केन्द्र बिहार में ही निर्धारित करने की बाध्यता होगी।

P.T.O

3. परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्न प्रकार से हैः–

(i) लिखित परीक्षा की तिथि–**07 दिसम्बर, 2025 (रविवार)**

**गणित (09.30–11.00 बजे पूर्वाह्न तक), सामान्य ज्ञान (12.00–01.00 बजे अपराह्न तक) एवं अँग्रेजी (02.30–04.30 बजे अपराह्न तक)।**

(ii) आवेदन पत्र राज्य सरकार के पास जमा करने की अंतिम तिथि–**15, अक्टूबर, 2025**

(ii) लिखित परीक्षा के प्रवेश–पत्र डाक द्वारा **15 नवम्बर, 2025** के पश्चात् भेजे जायेंगे।

(iv) लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों का प्रवेश–पत्र विभागीय वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/home** पर भी अपलोड कर दिया जायेगा जिसे सीधे डाउनलोड कर निकाला जा सकता हैं।

**नोट** :–पूर्ण रुपेण भरे हुए विहित आवेदन–पत्र **(दो प्रतियों में)** निर्धारित तिथि तक व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा **विशेष सचिव, गृह विभाग (विशेष शाखा), सरदार पटेल भवन, नेहरु पथ, बिहार, पटना–800023** को भेजा/जमा किया जा सकता है। आवेदन–पत्र सिर्फ गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना के कार्यालय में ही जमा करें/भेजें। अन्य जगहों पर भेजे गये आवेदन पत्र/निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र/एक ही प्रति में जमा किये गये या अपूर्ण भरे गये आवेदन–पत्र रद्द कर दिये जायेंगे। **राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून को आवेदन पत्र न भेजें।**

4. पिछली परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों के सेट के साथ आवेदन प्रपत्र (विवरणी–पत्रिका सहित) **राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैंट, देहरादून** से सामान्य श्रेणी के छात्र **₹600/–**(छः सौ रुपये) एवं अनु0जाति/अनु0जनजाति के छात्र **₹555/–**(पाँच सौ पचपन रुपये) का **बैंक ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी), जो कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून (The Commandant, R.I.M.C. Dehradun)** के पक्ष में देय तथा एचडीएफसी बैंक, बल्लूपुर चौक, देहरादून, (HDFC Bank, Ballupur Chowk, Dehradun), **बैंक कोड नं0–1399** से भुगतेय हो या R.I.M.C. Dehradun की बेवसाईट (**www.rimc.gov.in**) से ऑन लाईन भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं। **अनु0जाति/अनु0जनजाति के छात्रों को आवेदन–पत्र क्रय करते समय जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति भी जमा करना होगा।**

नोटः– i. तकनीकी समस्या के कारण सम्प्रति R.I.M.C. Dehradun की बेवसाईट (**www.rimc.gov.in**) अधिकारिक रूप से सुलभ नहीं है। अभ्यर्थी/अभिभावक अद्यतन जानकारी के लिए उक्त वेबवाईट का सतत् अवलोकन करते रहें।

ii. केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य होंगे। बाजार में मिलने वाले या फोटो कॉपी किये गये तथा बिना होलोग्राम (मुहर) के आवेदन पत्रों की मान्यता नहीं होगी। आवेदन शुल्क की वापसी किसी भी दशा में नहीं होगी।

5. परीक्षा से संबंधित विस्तृत/अद्यतन जानकारी विभागीय वेबसाईट– **https://state.bihar.gov.in/home** पर प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
(के॰ सुहिता अनुपम)
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक– जी / RIMC–04–03 / 2025– पटना, दिनांक– , 2025

प्रतिलिपि– निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रति सी0डी0 के साथ संलग्न करते हुए अनुरोध है कि परीक्षा की महत्ता को देखते हुए इसे दिनांक–20.08.2025 के पूर्व प्रमुख स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने तथा प्रकाशित विज्ञापन का कतरन भी भेजने की कृपा की जाय। कृपया विज्ञापन का प्रकाशन विभिन्न प्रमुख समाचार पत्रों में 2–3 बार करने की कृपा की जाय, ताकि परीक्षा का प्रचार–प्रसार अधिक से अधिक हो सके।

ह0 / –

(के॰ सुहिता अनुपम)

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक– जी / RIMC–04–03 / 2025– पटना, दिनांक– , 2025

E-mail

प्रतिलिपि–कमांडेंट, राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, देहरादून (Email-rimcentexam @gmail.com) को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक– जी / RIMC–04–03 / 2025– 9083 पटना, दिनांक–14/8/, 2025

प्रतिलिपि–आई0टी0 प्रबंधक, गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना को इस प्रेस विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

K 13/8/25

सरकार के विशेष सचिव।